समाचार

सरकार–तुहर द्वार

डोर–टू–डोर पहुंच रहे अधिकारी कर्मचारी, बताएं अपनी समस्याएं, दें आवेदन – महापौर

(25 मई को वार्ड क्र. 17 से 42 तक के लिए सी.एस.ई.बी. स्कूल कोरबा पूर्व में लगेगा वृहद समाधान शिविर)

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने की नागरिकों से अपील, उठाएं शिविर का लाभ)

कोरबा 13 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील की है कि '' सरकार–तुहर द्वार '' योजना के तहत नगर निगम कोरबा एवं जिले के अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी डोर–टू–डोर भ्रमण कर आपके घर पहुंच रहे हैं, उन्हें अपनी समस्याएं व शिकायतें बताएं तथा इस संबंध में उन्हे अपने आवेदन दें। उन्होने कहा है कि 25 मई को वार्ड क्र. 17 से 42 तक के लिए सी.एस.ई.बी. स्कूल कोरबा पूर्व में वृहद समाधान शिविर प्रातः 09 बजे से आयोजित होगा, शिविर में पहुंचे, समस्याओं का समाधान पाएं एवं शिविर का लाभ उठाएं।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा आमजन की समस्याओं, शिकायतों व मांगों के निराकरण के लिए वृहद समाधान शिविरों का आयोजन कोरबा नगर निगम क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसके तहत प्रथम शिविर 11 मई को आयोजित किया गया था। इसी कड़ी में निगम के कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल एवं बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से वार्ड क्र. 42 तक के लिए

आगामी 25 मई को प्रातः 09 बजे से विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में आयोजित किया गया है। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा है कि इस शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा सहित जिले के 22 विभागों के काउंटर स्थापित होंगे, जो अपने विभागों से संबंधित समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही करते हुए इस संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होने वार्डो के नागरिकों `से अपील करते हुए कहा है कि आपकी समस्याओं, शिकायतों व मांगों आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए नगर निगम कोरबा एवं जिले के अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी डोर–टू–डोर भ्रमण कर रहे हैं, उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराएं तथा समस्याओं, शिकायतों व मांगों से संबंधित अपने आवेदन उन्हें दें। महापौर श्री प्रसाद ने नागरिकों से कहा है कि इसके साथ ही उक्त शिविर में भी आप अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, उन्होने अपील की है कि 25 मई को आयोजित होने जा रहे उक्त वृहद समाधान शिविर में पहुंचे, अपनी समस्याओं का समाधान पाएं तथा शिविर का लाभ उठाएं।

<u>वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनबंधुओं से अपील</u>– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड के पार्षदों एवं एल्डरमेनबंधुओं से अपील करते हुए कहा है कि 25 मई को सी.एस.ई.बी. स्कूल कोरबा पूर्व में आयोजित होने जा रहे वृहद समाधान शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान करें। उन्होने आग्रह करते हुए कहा है कि पार्षदबंधु अपने–अपने वार्डो में नागरिकों को समाधान की शिविर की जानकारी देते हुए उन्हें अपनी समस्याओं व शिकायतों से संबंधित आवेदन देने हेतु प्रेरित करें ताकि वार्ड के नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके।

<u>14545 पर कॉल करें, 13 प्रकार की सेवाएं पाएं</u> – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा '' मुख्यमंत्री मितान योजना '' अन्य नगर निगमों के साथ–साथ नगर निगम कोरबा में भी क्रियान्वित की गई है, इस योजना के तहत जन्म, मृत्यु, निवास, जाति, आय, विवाह आदि प्रमाण पत्र, इन प्रमाण पत्रों में सुधार कार्य, गुमास्ता लाईसेंस, नकल दस्तावेज सहित 13 प्रकार की सेवाएं आपके घर पहुंचकर प्रदान की जा रही है, अब आपको विभिन्न कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पडेगा, इसके लिए आप टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करें, आपका कॉल आने पर शासन द्वारा नियुक्त मितान आपके घर पहुंचेगा, आपको जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देते हुए दस्तावेज कलेक्ट करेगा तथा दो या तीन दिवस के अंदर संबंधित प्रमाण पत्र व दस्तावेज आपके घर पहुंचकर आपको उपलब्ध कराएगा। उन्होने अपील करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं।